आकाशवाणी शिमला
04.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

एलपीजी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार देश में पेट्रोल, डीजल और एल.पी.जी. की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हरसम्भव प्रयास कर रही है। मंत्रालय ने नागरिकों को घबराहट में पेट्रोल व डीजल खरीदने और रसोई गैस की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों और एल.पी.जी. की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

दुग्ध उत्पादन

राज्य सरकार ने डेयरी क्षेत्र में सहकार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। इस साझेदारी के तहत कांगड़ा जिले में एक नया दुग्ध संयंत्र स्थापित किया जाएगा, जिससे कांगड़ा सहित ऊना, हमीरपुर और चंबा जिलों के दुग्ध उत्पादक भी लाभान्वित होंगे। सरकार के इस कदम से दूध संग्रहण, प्रसंस्करण सहित विपणन प्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि किसानों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। डेयरी क्षेत्र की नई तकनीकों और नवाचारों की जानकारी देने के लिए प्रदेश में पिछले 3 वर्षों में 2 हजार से अधिक किसानों को प्रशिक्षित किया गया है।

स्थापना दिवस

शिमला स्थित लोकभवन में आज राजस्थान, ओड़िशा और बिहार राज्य का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। ये कार्यक्रम ''एक भारत–श्रेष्ठ भारत'' पहल के तहत आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य राज्यों के बीच सांस्कृतिक एकता व भावनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना है। अपने संबोधन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द और भाई–चारे की भावना को बल मिलता है, जिससे राष्ट्र की सामाजिक संरचना और सुदृढ़ होती है। इस अवसर पर राज्यपाल ने लोकभवन शिमला को सप्ताह में दो दिन आम जनता के लिए खोलने की घोषणा भी की।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला स्थित लोकभवन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के तहत चलाई जा रही विकासात्मक पहलों की जानकारी दी। राज्यपाल ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता पर ध्यान देने और उन्हें तय समय में पूरा करने पर बल दिया और कहा कि इससे आम जनता को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि संगठन या किसी विभाग में कोई भी पद ज़मीनी स्तर पर काम करने वालों को ही दिए जाएंगे। शिमला में आज कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की राज्य कार्यकारणी की बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में अनुसूचित जाति के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। विनय कुमार ने उपस्थित लोगों से आरक्षित सीटों पर कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

मॉक ड्रिल

कांगड़ा घाटी में 4 अप्रैल 1905 को आए विनाशकारी भूंकप की आज एक सौ 21वीं वर्षगांठ है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में आपदा जागरूकता दिवस मनाया गया। इसके माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन और भूकंप से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कई स्थानों पर स्कूली बच्चों ने रैलियां निकाल कर भी लोगों को आपदा से बचाव को लेकर जागरूक किया। इस दौरान मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया।

मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान ऊँचाई वाले इलाकों में हिमपात व अन्य स्थानों पर वर्षा हुई है। मौसम के इस मिजाज से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। चंबा जिले में चंबा–पांगी वाया साच–पास मार्ग सहित चंबा–सलूनी मुख्य मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। जिले में 50 विद्युत ट्रांसफार्मर भी बंद पड़े हैं। जिला प्रशासन ने खराब मौसम व आगामी दिनों में मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए लोगों से एहतिहात बरतने की अपील की है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए फिल्ड स्टाफ पूरी तरह तैयार है।

इधर राजधानी शिमला सहित अन्य जिलों में भी वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम विभाग ने 6 अप्रैल तक कुछ स्थानों पर व्यापक वर्षा की संभावना जताई है।

–

एन.एच.ए.आई.

कुल्लू के उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने आज कुल्लू में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को कुल्लू–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों की जल्द मुरम्मत करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने पर बल दिया, क्योंकि मॉनसून में भू–स्खलन से सड़क को भारी क्षति हुई है। उन्होंने एस.डी.एम. को फोरलेन के किनारे अवैध कब्जे हटाने को भी कहा है।